# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
## CENTRA BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation Under the Ministry of Education, Govt. of India)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**के.मा.शि.बो./शैक्षणिक/सं.स.(अ.छा.)/आर.सी./2025** **दिनांक: 14-08-2025**
**परिपत्र संख्या: शैक्षणिक-53/2025**

**के.मा.शि.बो. से सम्बद्ध सभी विद्यालयों के प्रमुख**

**विषय: - के.मा.शि.बो. रीडिंग चैलेंज 2025-26**

प्रिय प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या

के. मा. शि. बो. रीडिंग चैलेंज 2025-26 का आयोजन विद्यार्थियों में पढ़ने की निरंतर रुचि को प्रोत्साहित करने तथा साक्षरता और विश्लेषणात्मक क्षमताओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। यह न केवल मूलभूत पठन कौशल को विकसित करने हेतु रूपांकित है, बल्कि उच्च स्तरीय साक्षरता कौशल जैसे जानकारी का विश्लेषण, तार्किक निष्कर्ष निकालना तथा किसी विषय की प्रासंगिकता एवं विश्वसनीयता का मूल्यांकन करने की क्षमता को भी सशक्त बनाती है।

के.मा.शि.बो. से संबद्ध विद्यालयों के कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थी इस संवर्धन गतिविधि में भाग ले सकते हैं। इस गतिविधि के लिए **कोई शुल्क नहीं** है।

**समय सीमा : अगस्त, सितंबर और अक्टूबर, 2025-26**
यह गतिविधि दो चरणों में आयोजित की जाएगी।

**प्रथम चरण :**

1. सभी विद्यालय प्रथम चरण के लिए पंजीकरण कर सकते हैं।
2. यह चरण विद्यालय स्तर पर ऑफलाइन आयोजित किया जाएगा।
3. विवरण के लिए कृपया **अनुलग्नक–1** देखें।

**द्वितीय चरण :**

1. भाग लेने वाले विद्यालय प्रत्येक कक्षा (6, 7, 8, 9, 10) से दो-दो विद्यार्थियों को नामित और पंजीकरण कर सकते हैं- एक अंग्रेज़ी और एक हिंदी श्रेणी के लिए। कुल मिलाकर अधिकतम दस विद्यार्थियों को नामित किया जा सकता है। (**हिंदी भाषा में भाग लेने के लिए यह अनिवार्य है कि विद्यालय विद्यार्थी और विद्यालय का नाम केवल हिंदी में टाइप करें। हिंदी में टाइप करने के लिए विद्यालयों के कंप्यूटर में "Google Input Tools" इंस्टॉल करना आवश्यक है।)**
2. द्वितीय चरण के. मा. शि. बो रीडिंग चैलेंज पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित किया जाएगा।
3. विवरण के लिए कृपया **अनुलग्नक–1** देखें।

**भाषा विकल्प:**
रीडिंग चैलेंज हिंदी और अंग्रेज़ी - दोनों भाषाओं में आयोजित किया जाएगा। **एक विद्यार्थी केवल एक ही भाषा में भाग ले सकता है।**

'एकीकृत कार्यालय परिसर, सेक्टर - 23, द्वारका, नई दिल्ली - 110077'
'Integrated Office Complex, Sector - 23, Dwarka, New Delhi - 110077'
फ़ोन/Telephone: 011-24050620 वेबसाइट/Website: http://cbseacademic.nic.in ईमेल/e-mail: directoracad.cbse@nic.in

**प्रतिभागिता की श्रेणियाँ :**

- **श्रेणी I:** कक्षा (6 से 7)
- **श्रेणी II:** कक्षा (8 से 10)

**प्रमाणन एवं मान्यता: -** दूसरे चरण में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को बोर्ड द्वारा ऑनलाइन 'भागीदारी प्रमाणपत्र' जारी किया जाएगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को उनकी उपलब्धि के सम्मान में 'प्रशंसा प्रमाणपत्र' प्रदान किया जाएगा।

आपसे अनुरोध है कि विद्यार्थियों को इस संवर्धित प्रयास में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। यह आवश्यक साक्षरता और विवेचनात्मक चिंतन कौशल विकसित करने के साथ-साथ समझ के साथ पढ़ने में प्रमुख रुचि विकसित करने का एक अनूठा अवसर है।

अधिक जानकारी के लिए कृपया **अनुलग्नक-2** में उपयोगकर्ता पुस्तिका देखें और किसी भी अन्य सहयोग के लिए, कृपया cbse.reading.mission@cbseshiksha.in पर ईमेल करें।

शुभकामनाओं सहित,

**(डॉ. प्रज्ञा एम. सिँह)**
**निदेशक (शैक्षणिक)**

**अनुलग्नक 1**

**भागीदारी के लिए समय-सीमा और चरण नीचे दिए गए हैं:**

<table>
<tr><td colspan="2">अ. राउंड एक/प्रथम चरण</td></tr>
<tr><th>समय सीमा</th><th>गतिविधि</th></tr>
<tr><td>18.08.2025 से 01.09.2025</td><td>के.मा.शि.बो. से संबद्ध विद्यालय रीडिंग चैलेंज राउंड-। के लिए विद्यार्थियों का पंजीकरण कर सकते हैं:<br>• कक्षा (6 से 7) और (8 से 10)<br>• हिंदी और अंग्रेजी<br>• पंजीकरण लिंक यहां www.cbse.gov.in, www.cbseacademic.nic.in उपलब्ध होगा।</td></tr>
<tr><td>08.09.2025 से 11.09.2025</td><td>पंजीकृत विद्यालय को प्रश्नपत्र और अंक मानदंड डाउनलोड करने के लिए पोर्टल पर उपलब्ध कराए जाएँगे।<br>• विद्यालय पहले राउंड के प्रश्नपत्र डाउनलोड करेंगे और ऑफ़लाइन रीडिंग चैलेंज आयोजित करेंगे।<br>• विद्यालयों को शीर्ष दस प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की पहचान करनी होगी:<br>➤ कक्षा 6, 7, 8, 9, 10 से प्रत्येक में से 2 विद्यार्थी<br>➤ हिंदी और अंग्रेजी दोनों रीडिंग चैलेंज के लिए<br>• (यदि दस से अधिक विद्यार्थी समान रूप से अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो विद्यालय शीर्ष दस विद्यार्थियों का चयन करने के लिए एक अतिरिक्त स्क्रीनिंग परीक्षा आयोजित कर सकते हैं।)</td></tr>
<tr><td>15.09.2025 से 26.09.2025</td><td>विद्यालय के.मा.शि.बो. शैक्षणिक वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से राउंड-।। के लिए चयनित शीर्ष दस प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पंजीकृत करेंगे।<br>(एक विद्यार्थी केवल एक भाषा में भाग ले सकता है)।</td></tr>
<tr><td colspan="2">ब. राउंड दो/ द्वितीय चरण</td></tr>
<tr><td>08.10.2025, 09.10.2025, 13.10.2025 और 14.10.2025</td><td>• के.मा.शि.बो. राउंड-।। के पंजीकृत विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर-आधारित रीडिंग चैलेंज आयोजित करेगा।<br>• केवल वे विद्यालय जिन्होंने राउंड-। पूरा कर लिया है और राउंड-।। के लिए पंजीकृत विद्यार्थी ही इसमें भाग लेने के पात्र होंगे।</td></tr>
<tr><td colspan="2">महत्वपूर्ण नोट :उपर्युक्त गतिविधियों के संचालन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश/निर्देश केवल एक सप्ताह पहले उनके आधिकारिक सीबीएसईशिक्षा ईमेल आईडी पर उन विद्यालयों के साथ साझा किए जाएंगे जो रीडिंग चैलेंज के दूसरे दौर के लिए विद्यार्थियों को पंजीकृत करते हैं।</td></tr>
<tr><td colspan="2">स. परिणाम की घोषणा</td></tr>
<tr><td colspan="2">चरण दो के विजेताओं के परिणाम के .बो .शि .मा .शैक्षणिक वेबसाइट पर अधिसूचित किए जाएंगे।</td></tr>
</table>

**अनुलग्नक -2**

## रीडिंग चैलेंज 2025-26

## विद्यालयों के लिए पंजीकरण उपयोगकर्ता पुस्तिका

1. विद्यालय अपने एलओसी क्रेडेंशियल्स का उपयोग करके लॉगिन कर सकते हैं।




2. विद्यालय समन्वयक और कंप्यूटर अवसंरचना का विवरण दर्ज कर सकते हैं। प्रथम चरण का प्रश्नपत्र केवल वही विद्यालय डाउनलोड करेंगे जो यह सूचना प्रस्तुत करेंगे।



3. चरण-I के लिए विद्यालय सभी श्रेणियों के लिए भाषावार प्रश्न पत्र और उत्तर कुंजी डाउनलोड कर सकते हैं।




4. चरण-I के पूरा होने के बाद, विद्यालय को चरण-II के लिए विद्यार्थियों के पंजीकरण विवरण दर्ज करने से पहले चरण-I के विद्यार्थियों प्रवेश पंजीकरण विवरण भरना होगा।



5. दूसरे चरण के लिए, भाग लेने वाले विद्यालय शीर्ष 10 प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पंजीकृत कर सकते हैं, प्रत्येक कक्षा से दो विद्यार्थी, अंग्रेजी और हिंदी दोनों श्रेणियों के लिए एक-एक विद्यार्थी। हिंदी भाषा में भाग लेने के लिए, विद्यालयों के लिए विद्यार्थियों का नाम केवल हिंदी में लिखना अनिवार्य है। हिंदी में टाइप करने के लिए, विद्यालयों को अपने कंप्यूटर सिस्टम में **"गूगल इनपुट टूल्स"** इंस्टॉल करना अनिवार्य है।




6. चरण-II के लिए विद्यार्थियों का विवरण भरने के बाद, विद्यालय पोर्टल से लॉगआउट कर सकते हैं।

7. किसी भी प्रश्न और अतिरिक्त सूचना के लिए, कृपया स्क्रीनशॉट के साथ ईमेल करें- cbse.reading.mission@cbseshiksha.in

**प्रतिलिपि:- नीचे दर्शाए गए संबंधित निदेशालयों, संगठनों और संस्थानों के प्रमुखों को उनके अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सभी विद्यालयों में सूचना प्रसारित करने के अनुरोध सहित:**

1. आयुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-16
2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, सेक्टर-62, इंस्टीट्यूशनल एरिया, नोएडा-201309
3. सचिव, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार।
4. सचिव, सैनिक विद्यालय सोसायटी, कमरा नंबर 101, डी-1 विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110001
5. अध्यक्ष, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन, एन-1/9, दूरदर्शन केंद्र के पास, पीओ सैनिक विद्यालय नयापल्ली, भुवनेश्वर, ओडिशा-751005
6. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054
7. सार्वजनिक निर्देश निदेशक (विद्यालय), केंद्र शासित प्रदेश सचिवालय, सेक्टर 9, चंडीगढ़ -160017
8. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम -737101
9. विद्यालय शिक्षा निदेशक, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर -791111
10. शिक्षा निदेशक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर – 744101
11. विद्यालय शिक्षा निदेशक, लद्दाख, कमरा नंबर 101-102, भूतल, परिषद सचिवालय, कुर्बाथांग, कारगिल – लद्दाख
12. विद्यालय शिक्षा निदेशक, आंध्र प्रदेश, तीसरी मंजिल, बी ब्लॉक, अंजनेय टावर्स, वीटीपीएस रोड, भीमाराजू गुट्टा, इब्राहिमपटनम, आंध्र प्रदेश – 521456
13. निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, पुराना एचईसी हाई स्कूल, जेएससीए स्टेडियम रोड, जगन्नाथपुर, सेक्टर-III, धुर्वा, रांची-834004 (झारखंड)
14. नौसेना शिक्षा समाज, नौसेना शिक्षा निदेशालय, नौसेना मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय, वेस्ट ब्लाक-वी, आर.के.पुरम, नई दिल्ली-110066
15. सेना शिक्षा के अतिरिक्त महानिदेशक, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली-110001
16. सचिव, एडब्ल्यूईएस रक्षा मंत्रालय (सेना) का एकीकृत मुख्यालय, एफडीआरसी बिल्डिंग नंबर 202, शंकर विहार (एपीएस के पास), दिल्ली कैंट -110010
17. अध्यक्ष, केमाशिबो के उप सचिव
18. सचिव/परीक्षा नियंत्रक/सभी निदेशक, केमाशिबो
19. केमाशिबो के सभी क्षेत्रीय निदेशकों/क्षेत्रीय अधिकारियों को इस अनुरोध के साथ कि वे इस परिपत्र को अपने- अपने क्षेत्रों में बोर्ड के संबद्ध विद्यालयों के सभी प्रमुखों को भेजें।
20. सभी संयुक्त सचिव/उप सचिव/अवर सचिव/प्रधान निजीसचिव/ वरिष्ठ निजी सचिव/ सहायक सचिव, केमाशिबो
21. सभी प्रमुख/प्रभारी, उत्कृष्टता केंद्र, केमाशिबो
22. प्रभारी आईटी एकक को इस अनुरोध के साथ कि इस परिपत्र को केमाशिबो की शैक्षणिक वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाए
23. प्रभारी, पुस्तकालय
24. रिकॉर्ड फ़ाइल

**निदेशक (शैक्षणिक)**